ಮೊದಲನೇಯ ಸಂಕಲನಾತ್ಮಕ ಪರೀಕ್ಷೆ (SA-1) - 2019

समय : 2.30 H | दसवीं कक्षा तृतीय भाषा हिन्दी | कुल अंक : 80

I. निम्नलिखित प्रश्नो के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एकमात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर लिखिए :- 8 x 1 = 8

१. इनमें से गुण संधि का उदाहरण है -
A. पुस्तकालय B. गणेश C. सदैव D. पर्यावरण

2. ' नौका ' शब्द का अन्य वचन है –
A. नौकाएँ B. नौकाओं C. नाव D. नाविक

3. इनमें प्रथम-प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
A. लिखावट B. चढाई C. सुनाना D. बचना

4. ' मजबूत ' का विलोम शब्द है –
A. मुलायम B. मजबूर C. कमजोर D. कोमल

5. ' टस से मस न होना ' मुहावरे क अर्थ –
A. बहुत खुश होना B. हानि पहुँचाना C. शोर न मचाना D. विचलित न होना

6. इनमें तत्पुरुष समास का उदाहरण है –
A. त्रिदेव B. राजवंश C. नील कमल D. राजा-रानी

7. मैं अभी बाजार ___ भुना लाता हूँ । रिक्त स्थान में उचित कारक होगा –
A. से B. को C. ने D. पर

8. गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया । वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
A. प्रश्नवाचक B. पूर्ण विराम C. विस्मयादि बोधक D. अल्प विराम

II. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए :- 4x 1 = 4

9. वसीयत : नाटक :: चित्रलेखा : ....

10. नागपुर :: संतरा :: कश्मीर : ……………………..

11. गुलाब :: पौधा :: सोनजुही : …………………

12. गिरि :: पहाड़:: वारि : …………………

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :- 4 x 1 = 4

13. भगवतीचरण वर्मा किसे प्रणाम कर रहे हैं ?

14. रोज़ एक सेब खाने से किनकी ज़रूरत नहीं होगी ?

15. आज़ की दुनिया कैसी है ?

16. बसंत और प्रताप कहां रहते थे ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :- 8 x 2 = 16

17. गिल्लू ने लेखिका की गैर्हाज़री में दिन कैसे बिताये ?

18. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

19. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थी ?

20. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?

21. मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फेलता है ?

22. लेखक कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

23. ई-गवर्नेंस क्या है ?

24. शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन- चार वाक्यों में लिखिए :- 9 x 3 = 27

25. सम्मेलन में लेखक को कौन-से अनुभव हुए ? संक्षेप में लिखिए ।

24. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ?

26. दोहे का भावार्थ अपने श्ब्दों मे लिखिए :-

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ॥

27. बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ?

28. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कर्य कैसे करते थे ?

29. अभिनव मनुष्य कविता का सार अपने भाव से लिखिए ?

30. मातृभूमि कविता का सारांश लिखिए ?

31. कश्मीरि सेब पाठ से क्या सीख मिलती है ? बताईए?

33. शनि ग्रह के बारे में अपनी राय प्रकट किजिए ?

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच – 6 वाक्यों में लिखिए :- 2 x 4= 8

34. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन किजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :-

राम नाम मनि ____________________
________________________चाहसी उजियार॥ ।

VII. 36 ग्द्यांश को ध्यानपूर्वक पड़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4 x 1 = 4

तारा का नाम उसके दादा ने बड़े प्यार से रखा था । वह आसमान के तारे के समान सुंदर थी । वह दादा की लाड़ली थी । वह अपने छोटे भाई आकाश को बहुत चाहती थी । आकाश प्यारा लेकिन नट्खट भी था । एक बार तारा और आकाश बाग में गए । बाग में माली नहीं था । आकाश ने बाग में रखा हुआ माली का छाता झाड़ के पीछे छिपा दिया और सात आठ आम तोड़ लिए । माली को आते देखकर आकाश भागने लग । लेकिन तारा ने माली से माफ़ी मांगी और आकाश से आम लेकर माली को लौटा दिए । उसका छाता भी वापस कर दिय । माली ने तारा की प्रशंसा की । तारा ने आकाश को समझाया कि किसी को तंग करना अच्छी बात नही है।

1. तारा का नाम किसने रखा था ?
2. तारा और आकाश कहाँ गए थे ?
3. आकश ने क्या छिपाया ?
4. आकाश ने बाग में कौन-से फल तोड़े ?
5.

VIII. 37 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12- 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिकिए । 4 x 1 = 4

च. जनसंख्या की समस्या	**छ. वन महोत्सव**	ज. इंटरनेट क्रांति
विषय प्रवेश	विषय प्रवेश	विषय प्रवेश
वृद्धि के कारण व परिणाम	वृक्षों का उपयोग	इंटरनेट लाभ इंटरनेट का दुष्पतिणाम
उपचार	वनो का नाश	सचेत कैसे रहना
उपसंहार	उपसंहार	उपसंहार

IX. 38 निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए 1 x 5= 5

अपनी पड़ाई के बारे में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

अथवा

बहन की शादि के कारण तीन दिन की छुट्टी मांगते हुए ,अपने प्रधानाद्यापक को छुट्टी पत्र लिखिए